माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 756 / 24 / MSU/2023–24 दिनांक : 05.08.2023

कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर परिसर में शैक्षणिक सत्र 2023–24 से परास्नातक स्तर पर निम्नलिखित विषयों में अध्ययन–अध्यापन कार्य प्रारम्भ होगा :–

"अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, समाज कार्य, अर्थशास्त्र, हूमन राईट एण्ड ड्यूटी, वोमेन स्टडीज एण्ड डेवलपमेंट, सैन्य अध्ययन, गणित, सांख्यकीय, पर्यावरण अध्ययन, पब्लिक हेल्थ, एम0कॉम0, एम0बी0ए0, मास्टर ऑफ लॉ, लाईफ लॉग लर्निंग एण्ड एक्सटेशन एवं कम्युनिटी एजुकेशन एण्ड डेवलपमेंट"

उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि नियमित शिक्षक उपलब्ध न होने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय, अनुदानित / राजकीय महाविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षकगण की अध्यापन कार्य हेतु सूची तैयार करायी जानी है। इच्छुक शिक्षकगण से अपेक्षा है कि वह अपना आवेदन पत्र सादे कागज पर व्यक्तिगत विवरण, विषय एवं सेवानिवृत्ति सम्बन्धी प्रमाण के साथ कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर–247120 को दिनांक : 20.08.2023 तक प्रेषित करें। शासनादेश के अनुसार अध्यापन कार्य हेतु निम्नानुसार मानदेय निर्धारित है :–

(क) असिस्टेन्ट प्रोफेसर स्तर	–	रू0 25,000 / – प्रतिमाह की अधिकतम सीमान्तर्गत रू0 500 / – प्रति व्याख्यान की दर से
(ख) एसोसिएट प्रोफेसर स्तर	–	रू0 30,000 / – प्रतिमाह की अधिकतम सीमान्तर्गत रू0 600 / – प्रति व्याख्यान की दर से
(ग) प्रोफेसर स्तर	–	रू0 35,000 / – प्रतिमाह की अधिकतम सीमान्तर्गत रू0 700 / – प्रति व्याख्यान की दर से

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्या / प्राचार्य समस्त सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षकगण को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
02. परीक्षा नियंत्रक।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव।
05. कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।

कुलसचिव